an>

Title :The Minister of Home Affairs made a statement clarifying the answer given by the Ministry of Home Affairs to the Unstarred Question No. 633 (1)answered on 5th May, 2015 in Lok Sabha regarding 'extradition of terrorists.'

गृह मंत्री (श्री राजनाथ सिंह) : अध्यक्ष महोदया, एक्स्ट्राडिशन ऑफ टेररिस्ट के बारे में लोक सभा में दिनांक 5 मई, 2015 को एक अतारांकित प्रश्न 633(1) के उत्तर का स्पष्टीकरण देने के लिए सदन में खड़ा हुआ हूं। ...(व्यवधान)

महोदया, प्रतिपक्ष का सम्मान होना चाहिए। कांग्रेस दल के नेता के बैठने के बाद ही मैं अपना स्टेटमेंट शुरू करूंगा। दाऊद इब्राहिम वर्ष 1993 में मुम्बई में हुए सीरियल बम ब्लास्ट के मामलों में वांछित है। दाऊद इब्राहिम मुम्बई में वर्ष 1993 में हुए शृंखलाबद्ध बम विस्फोट के मामलों में वांछित है और उसके खिलाफ एक रेड कॉर्नर नोटिस नं. ए-135, 134/4-1993 मौजूद है। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद ने भी उसके खिलाफ एक विशेष नोटिस नं. यू-65, 64/4-2006 जारी किया हुआ है। भारत के पास उसके पाकिस्तान में मौजूद होने के बारे में विश्वसनीय सूचनाएं हैं। दाऊद इब्राहिम के पाकिस्तानी पासपोर्टों और पाकिस्तान में उसके कथित पतों सहित उससे संबंधित अन्य ब्योरा समय-समय पर पाकिस्तान को इस अनुरोध के साथ मुहैया कराया जाता रहा है कि वे उसका पता लगाएं और उसे भारत को सौंप दे क्योंकि इंटरपोल से उसके खिलाफ रेड कॉर्नर नोटिस जारी करवाने वाला देश भारत है।

पाकिस्तान ऐसे व्यक्ति का पता लगाने के लिए बाध्य है जिसके बारे में रेड कॉर्नर नोटिस जारी किया गया है ताकि नोटिस जारी करवाने वाला देश उस व्यक्ति के संबंध में प्रत्यर्पण/निर्वासन या कोई अन्य कानूनी प्रक्रिया आरंभ कर सके। पाकिस्तान को पर्याप्त दस्तावेज और अन्य साक्ष्य सौंपे जाने के बावजूद पाकिस्तान दाऊद इब्राहिम का पता लगाने तथा कानूनी प्रक्रिया आरंभ करने में पूरी तरह से विफल रहा है। भारत पाकिस्तान पर अंतर्राष्ट्रीय बाध्यताओं को पूरा करने, दाऊद इब्राहिम तथा अन्य आतंकवादियों का पता लगाने और उन्हें भारत को सौंपे जाने के बारे में सभी स्तरों पर लगातार दबाव बनाए हुए है।

अध्यक्ष महोदया, मैं बहुत विनम्रता के साथ यह भी कहना चाहूंगा कि हमें चाहे पाकिस्तान को परसू करना हो या पाकिस्तान पर प्रैशर बिल्ड-अप करना हो, हम दाऊद को लाकर ही रहेंगे, यह बात मैं विश्वास के साथ कहना चाहता हूं।...(व्यवधान)

HON. SPEAKER: He has given a statement. That is all.

HON. SPEAKER: Now Shri Arjun Ram Meghwal.

...(*Interruptions*)

HON. SPEAKER: I will see. I will allow you.

...(*Interruptions*)

माननीय अध्यक्ष : आप बैठ जाइये।

â€¦(व्यवधान)